राम का नाम है अनमोल

जिंदगी है मौज में मौज में जी मौज में,
राम का नाम है अनमोल कोई मोल ना,
राम का नाम लेना जब भी कुछ बोलना,
ऐसे तो चुप न रहो जी राम राम कहो जी,
जले तो कोई जले रे राम से दुनिया चले रे,
जिंदगी है मौज में मौज में जी मौज में,

रा शब्द मुख खोले म शब्द बंद,
राम रहते दिल में राम है पसंद,
पाप कटे भव में होगा नहीं डोलना,
राम का नाम लेना जब भी मुख खोलना,
ऐसे तो चुप न रहो जी राम राम कहो जी,
जले तो कोई जले रे राम से दुनिया चले रे,

लुटे राम नाम की तुम भी लो लूट,
हाथ में है मौका जाए न छूट,
रस भगति का अपने जीवन में घोलना,
राम का नाम लेना जब भी मुख खोलना,
ऐसे तो चुप न रहो जी राम राम कहो जी,
जले तो कोई जले रे राम से दुनिया चले रे,

प्रभु श्री राम से प्रति को प्रेत,
इनकी ही भगति से पापो पे जीत,

माया और मोह में न जीवन को न तोलना,
राम का नाम लेना जब भी मुख खोलना,
ऐसे तो चुप न रहो जी राम राम कहो जी,
जले तो कोई जले रे राम से दुनिया चले रे,

Source: https://www.bharattemples.com/ram-ka-naam-hai-anmol-koi-mol-na/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw